विधि और न्याय मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) से (घ) निर्वाचन आयोग की वर्ष 1986 और 1987 की रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए संसद् द्वारा विधि के अधिनियमन पर विचार किया जा सकता है। सरकार ने अभी इस विषय में कोई विनिश्चय नहीं किया है।

सीमा-शुल्क सदन अभिकर्ताओं के लिए लाइसेंस

*418. **श्रीमती सत्या बहिन**: क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस वर्ष के दौरान दिल्ली में सीमाशुल्क सदन अभिकर्ता लाइसेंस के लिए कितने व्यक्तियों ने आवेदन किया और उनमें से कितने व्यक्तियों को लाइसेंस प्रदान कर दिए गए तथा लाइसेंस प्रदान किये जाने वाले व्यक्तियों में से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कितने व्यक्ति थे; और

(ख) देश भर में कितने लाइसेंसशुदा सीमा-शुल्क सदन अभिकर्ता कार्य कर रहे हैं और उनमें से अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की श्रेणी के कितने हैं?

वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग में राज्य मंत्री (श्री अजित पांजा): (क) सीमा-शुल्क गृह एजेन्ट के रूप में कार्य करने हेतु लाइसेंस मंजूर किए जाने के लिए दिल्ली सीमा-शुल्क गृह को इस वर्ष के दौरान कुल मिलाकर 588 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इन आवेदन-पत्रों की अभी समीक्षा की जा रही है।

(ख) पूरे देश में 2352 सीमा-शुल्क गृह एजेन्ट कार्य कर रहे हैं। इनमें से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सीमाशुल्क गृह एजेन्ट कितने हैं, इसके बारे में सूचना अलग से नहीं रखी जाती है, क्योंकि सीमा-शुल्क गृह एजेन्ट लाइसेंसिंग विनियम, 1984 में दिए गए उपबंधों के अनुसार आवेदकों द्वारा ऐसी सूचना देना अपेक्षित नहीं होता है।

Suspension of sale of Tobacco from auction platforms in Andhra Pradesh

*419. DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the sale of tobacco has been suspended from some of the auction platforms of Tobacco Board in Andhra Pradesh recently; if so, what are the reasons therefor; and

(b) what steps are being taken in the matter?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI DINESH SINGH): (a) and (b) The Tobacco growers had stopped sales at many auction platforms in Andhra Pradesh as they were unhappy with the prices realised. The Tobacco Board held discussions with the traders and representative of growers, to facilitate resumption of auctions on all platforms in Andhra Pradesh. The auction did resume but prices realised still being lower than the expectations of the farmers, the auctions continue to be erratic. Efforts are continuing to facilitate auction in orderly manner.

Condonation of delay in submission of cases for pension to freedom fighters

*420. SHRI SHANKARRAO DESHMUKH: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 1714 given in the Rajya Sabha on the 24th November, 1988 and state:

(a) whether any final decision has since been taken in respect of the six hundred cases of freedom fighters for condonation of delay in submission of the cases; and

(b) if so, what is the outcome there-